एक नगर में

पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ का नाम पिता की जमीन के वारिस के रूप में दर्ज

बिजनौर : तहसीलदार नजीबाबाद ने सुनवाई के बाद मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ का नाम गांव अमीपुर उर्फ नटटीवाला में उनके पिता महेंद्रनाथ की 90 बीघा भूमि के वारिस के रूप में दर्ज करने का आदेश दिया। राजस्व कर्मियों ने आदेश पर अमल करते हुए अभिलेखों में उनका नाम दर्ज कर दिया। पूर्व प्रधान समेत कई लोगों पर जमीन हड़पने की साजिश करने का आरोप है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। महेंद्रनाथ के नाम गांव की खतौनी में 90 बीघा भूमि दर्ज थी। सात सितंबर 2004 को दिल्ली में इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई थी, लेकिन इसके 22 साल बाद तक राजस्व अभिलेखों में उनका नाम बना रहा।

फर्जीवाड़ा कर 46.70 लाख रुपये हड़पे, मुकदमा दर्ज

बड़ौत (बागपत) : चौधरी धर्मवीर समिति के अध्यक्ष एवं चौधरी चरण सिंह इंस्टीट्यूट के निदेशक ने दो लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। आरोप है कि दोनों ने देहरादून में विश्वविद्यालय खोलने की बात कहते हुए उनसे 46.70 लाख रुपये हड़प लिए। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। डा. सतीश आर्य ने कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है कि 20 जुलाई 2023 को विरेंद्र सिंह बिष्ट से उनकी मुलाकात देहरादून में हुई थी। उसने स्वयं को उत्तराखंड सरकार में एक कैबिनेट मंत्री का नजदीकी बताते हुए उन्हें यह कहकर विश्वास में लिया कि उत्तराखंड में शिक्षा का अभाव है, इसलिए वहां विश्वविद्यालय खोला जा सकता है।

भाजपा विधायक ने दो अनुचर समेत तीन को बंधक बनाकर पीटा, करंट लगाया

दो दिन तक दी यातनाएं, अनुचर अतुल व लविश के दोस्त रामू कश्यप की हालत गंभीर

- ज़ख्मों पर नमक लगाया, काशीपुर के अस्पताल में भर्ती
- पीड़ित परिवार ने विधायक समेत छह नामजद व नौ अज्ञात के विरुद्ध थाने में दिया शिकायती पत्र



बढ़ापुर विधायक सुशांत सिंह●



घायल रामू●

जागरण संवाददाता, मुरादाबाद : बढ़ापुर (बिजनौर) के भाजपा विधायक एवं पूर्व सांसद सर्वेश सिंह के बेटे सुशांत सिंह ने दो अनुचर व उनके दोस्तों से जमकर अमानवीयता की। अनुचर अतुल व लविश पर बेटे का सोने का कड़ा चुराने का आरोप था। उनके दोस्त रामू कश्यप को भी विधायक के लोग घर से अगवा कर ले आए। आरोप है कि तीनों को दो दिन तक बंधक बनाकर पीटा गया। उल्टा लटकाकर पट्टे से पीटा। करंट लगाया। जख्मों पर नमक भी छिड़का। हालत बिगड़ने पर तीनों को काशीपुर (उत्तराखंड) के कृष्णा अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहां रामू की हालत गंभीर है।

ओमवती के मुताबिक सात अक्टूबर को बेटे रामू को विधायक के सहायक अर्जुन कुमार घर से बुलाकर ले गए। वहां पहले से ही लविश और अतुल को विधायक के लोग उल्टा लटकाकर पीट रहे थे। बेटे के साथ भी ऐसा ही सलूक किया। हालत बिगड़ने पर विधायक के लोगों ने अस्पताल में भर्ती कराया। अस्पताल में रामू ने घटना के बारे में बताया। गुरुवार को वह विधायक के घर पहुंची, जहां शिकायत करने पर हत्या की धमकी दी गई। इसके बाद शुक्रवार सुबह स्वजन, पड़ोसी व रिश्तेदारों ठिलारी थाने जाकर हंगामा किया। ठिलारी पुलिस ने घटनास्थल ठाकुरद्वारा होने की बात कहकर समझाया। सभी ने ठाकुरद्वारा सीओ कार्यालय पहुंचकर कार्रवाई की मांग की।

एसपी देहात कुंवर आकाश सिंह ने बताया कि ओमवती ने विधायक सुशांत सिंह, सहायक अर्जुन कुमार, बबलू, उदयपाल, देवेंद्र, ड्राइवर आज़म के विरुद्ध ठाकुरद्वारा थाने में शिकायती पत्र दिया है। जांच के बाद अग्रिम कार्रवाई होगी। विधायक सुशांत सिंह का कहना है कि बेटे का सोने का कड़ा गायब होने पर दोनों नौकरों से जानकारी की गई। बंधक बनाकर पीटने व करंट लगाने के आरोप निराधार हैं। तीनों आपस में ही झगड़े हैं।

सपा प्रदेश सचिव समेत आठ पर मुकदमा

जासं, सहारनपुर : अंबेडकर चौक पर प्रदर्शन कर सड़क जाम करने के मामले में समाजवादी पार्टी की प्रदेश सचिव रूही अंजुम समेत आठ नामजद और अन्य अज्ञात कार्यकर्ताओं के खिलाफ जनकपुरी थाने में मुकदमा दर्ज किया गया। आरोप है कि गुरुवार को प्रदर्शन के दौरान सपा कार्यकर्ताओं ने यातायात बाधित किया, चुनाव आयुक्त के खिलाफ अमर्यादित तख्तियां दिखाईं और अभद्र नारेबाजी की। पुलिस ने सरकारी कार्य में बाधा डालने और निषेधाज्ञा के उल्लंघन समेत अन्य आरोपों के तहत कार्रवाई की है।

जनकपुरी थाना प्रभारी प्रदीप कुमार चौमा ने बताया कि अंबेडकर चौक पर सपा कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन के दौरान जाम लगा दिया, जिससे यातायात प्रभावित हुआ। प्रदर्शन की अनुमति नहीं ली गई थी। क्षेत्र में लागू भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के प्रतिबंधों के बावजूद प्रदर्शन किया गया। पुलिसकर्मियों ने प्रदर्शनकारियों को समझाकर हटाने का प्रयास किया, लेकिन वे नहीं माने।

मास्टरजी के डर से खेत में छिपे पांच बच्चे, साढ़े पांच घंटे बाद मिले

संवाद सूत्र, जागरण, कैराना (शामली) : स्कूल के लिए निकले पांच बच्चे संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गए। ग्रामीणों व शिक्षक बच्चों की तलाश में जुटे रहे। स्कूल की छुट्टी होने के बाद बच्चे एक गन्ने के खेत से निकले। अभिभावक उन्हें घर ले आए। बच्चों का कहना है कि स्कूल जाने में वह लेट हो गए थे। रास्ते में प्रधानाध्यापक मिले और उन्होंने कहा कि जल्द स्कूल आओ, इस बात से बच्चे डर गए। उन्हें लगा कि स्कूल पहुंचते ही आज पिटाई होगी, इसलिए, स्कूल नहीं जाते। जबकि प्रधानाध्यापक ने इससे साफ इन्कार किया है।

गांव जलालपुर निवासी पांचवीं कक्षा के चार और दूसरी कक्षा का एक छात्र शुक्रवार सुबह साढ़े आठ बजे पास के गांव कंडेला स्थित जनता जूनियर हाईस्कूल में पढ़ाई के लिए घर से निकले थे। रास्ते में पीछे से आ रहे स्कूल के प्रधानाध्यापक ने इन्हें देखकर कहा, बहुत लेट हो चुके हो, जल्दी स्कूल पहुंचो। इतना कहते ही छात्रों के मन में डर बैठ गया कि लेट पहुंचने पर स्कूल में उनकी पिटाई होगी। इसी डर के कारण पांचों बच्चे स्कूल जाने के बजाय पास में ही गन्ने के खेत में जाकर छिप गए। वहां कुरकुरे खाकर व कोल्डड्रिंक पीकर समय बिताया।

दोपहर दो बजे स्कूल की छुट्टी होने पर घंटी बजी, तब पांचों खेत से बाहर निकले। तलाश में जुटे स्वजन और ग्रामीणों ने रास्ते में उन्हें देख लिया।

साढ़े पांच घंटे गन्ने के खेत में छिपे रहे, छुट्टी होने के बाद बाहर निकले

> बच्चों ने एक दिन पहले ही स्कूल से गायब रहने की योजना बना ली थी, इसलिए वह घर से पैसे लाए थे। मैं उन्हें रास्ते में नहीं मिला। किसी अन्य शिक्षक का भी बच्चों में डर हो, ऐसी कोई बात नहीं है।
>
> **अशोक कुमार, प्रधानाचार्य, जनता जूनियर हाईस्कूल कंडेला**

खींचकर ले जाते शोहदों को युवती ने दिया धक्का दौड़कर बचाई जान

जासं, बागपत : रास्ते से खींचकर ले जाने की शोहदों की कोशिश को युवती ने नाकाम कर दिया। वह धक्का देकर चिल्लाते हुए दौड़ पड़ी। उलाहना देने पर उसके परिवार के साथ आरोपित के स्वजन ने गाली-गलौज कर मारपीट की। बाद में तीनों आरोपित युवकों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया गया। वहीं पुलिस ने उनकी धरपकड़ शुरू कर दी है।

बागपत कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने तत्कालीन एसपी सूरज कुमार राय से शिकायत कर बताया था कि उनकी बेटी अपने भाई के साथ 30 सितंबर की शाम करीब सात बजे दवा लेने के लिए चिकित्सक के पास गई थी। वापस घर लौटते समय बेटा रास्ते में किसी काम से रुक गया था। आरोप है कि रास्ते में गांव के आशीष, सावन और आदेश ने बेटी का रास्ता रोका। सावन और आशीष बेटी का हाथ पकड़कर खींचकर ले जाने की कोशिश करने लगे। बेटी ने चिल्लाते हुए अपना हाथ छुड़ाया और आरोपितों को धक्का देकर दौड़ पड़ी। घर पहुंचकर घटना की जानकारी दी।

मुजफ्फरनगर दोहरे हत्याकांड में हाई कोर्ट ने उम्रकैद में बदला दो दोषियों का मृत्युदंड

विधि संवाददाता, जागरण, प्रयागराज : इलाहाबाद हाई कोर्ट ने मुजफ्फरनगर के चर्चित दोहरे हत्याकांड में दोषी पिता-पुत्र वासिक और शहजाद की फांसी की सजा को आजीवन कारावास में बदल दिया है। न्यायमूर्ति अतुल श्रीधरन और न्यायमूर्ति अचल सचदेव की खंडपीठ ने रिकार्ड में हेराफेरी पर चिंता जताते हुए डीजीपी को आदेश दिया कि मुजफ्फरनगर के बाहर तैनात पुलिस अधिकारी से जांच कराएं। एसएसआइ भगत लाल शाह, एसआइ देवेंद्र सिंह, एसआइ अनिल कुमार सागर समेत अन्य की भूमिका की जांच होगी। दोषी मिलने पर विभागीय और आपराधिक कार्रवाई होगी। रिपोर्ट तीन माह में रजिस्ट्रार जनरल को देने का निर्देश दिया है।

नौ नवंबर 2011 को खेत की मेड़ पर लगे पेड़ों को लेकर विवाद में वासिक, उसके बेटे शहजाद, शाहनवाज और शहनवाज ने धारदार हथियारों से हमला किया, जिससे आजाद उर्फ राजा और उसके दादा रियासत उर्फ मुखिया की मौत हो गई। दोनों के हाथ काट दिए गए थे। फजरुद्दीन और मुनव्वर उर्फ मीनू गंभीर घायल हुए थे। शाहनवाज और शहनवाज को नाबालिग मानकर उनका केस किशोर न्याय बोर्ड भेजा गया था। मुजफ्फरनगर की सत्र अदालत ने 23 मई 2017 को वासिक और शहजाद को हत्या के लिए फांसी, हत्या के प्रयास में 10-10 साल और आर्म्स एक्ट में एक-एक साल की सजा सुनाई थी।

खंडपीठ ने घायल चश्मदीदों फजरुद्दीन और मीनू को गवाही को भरोसेमंद माना। कहा, उनके शरीर पर चोटें घटनास्थल पर मौजूदगी साबित करती हैं। पुलिस जांच पर कोर्ट ने गंभीर सवाल उठाए। पाया कि एफआइआर शाम 5:30 बजे दर्ज होने का दावा झूठा है। पंचनामा में बिना कारण ओवरराइटिंग और काट-छांट की गई थी। कोर्ट ने कहा कि मामला 'रेयरेस्ट आफ रेयर' नहीं है। दीर्घकालिक षड्यंत्र के तहत अपराध की पुष्टि पर है, लेकिन यह तय नहीं कि किसने जानलेवा वार किया।

पत्रांक :- MeDA/26-27/P/56425 दिनांक :- 08.09.2026

सार्वजनिक सूचना


सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री अनन्त सिंह पुत्र श्री जहांगीर सिंह द्वारा वेदव्यासपुरी सैक्टर-4बी, मेरठ प्लाट संख्या 56 क्षेत्रफल 200.00 वर्ग मी० पर व्यावसायिक प्रयोजन हेतु ऑनलाइन पोर्टल पर मानचित्र संख्या MDA/BP/MS/ 2026-27/26651 प्रस्तुत किया गया है। मेरठ विकास प्राधिकरण की वेदव्यासपुरी योजना के ले-आउट के अन्तर्गत [illegible] आवासीय है। उक्त भवन निर्माण एवं विकास उपविधि 2026 के प्राविधानों के अनुसार भू-उपयोग के रूप में परिवर्तन हेतु आपत्ति/सुझाव आमंत्रित किये जाने का प्राविधान है।

अतः जनसामान्य/हितबद्ध व्यक्तियों को यदि उक्त प्रस्ताव पर कोई आपत्ति/सुझाव हो, तो [illegible] शासनादेश संख्या [illegible] /1130634/2026-8-3000/40/2023 [illegible] के अनुसार विज्ञप्ति प्रकाशन की तिथि से 15 दिनों के अन्दर लिखित रूप से मुख्य नगर नियोजक के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि के उपरान्त प्राप्त आपत्ति/सुझावों पर विचार नहीं किया जायेगा।

सचिव
मेरठ विकास प्राधिकरण

दिल्ली एनसीआर/उत्तराखंड

हेमकुंड साहिब के कपाट आज होंगे बंद, बर्फबारी से यात्रा बाधित



चमोली स्थित हेमकुंड साहिब में मशीन से बर्फ हटाते हुए जिला आपदा प्रबंधन विभाग के कर्मचारी● फोटो- साभार सरदार सेवा सिंह, सीईओ ट्रस्ट श्री हेमकुंड साहिब मैनेजमेंट ट्रस्ट

जासं, देहरादून : उत्तराखंड के चमोली स्थित हेमकुंड साहिब व लोकपाल तीर्थ के कपाट शनिवार को दोपहर दो बजे शीतकाल के लिए बंद कर दिए जाएंगे। इस साल 23 मई को हेमकुंड साहिब के कपाट खुलने के बाद से अब तक 3.80 लाख श्रद्धालु यहां मत्था टेक चुके हैं। कपाटबंदी में शामिल होने के लिए चार हजार से अधिक श्रद्धालु घांघरिया पहुंच चुके हैं। इनमें पाकिस्तान से आया 40 सदस्यीय श्रद्धालुओं का जत्था भी शामिल है। वर्षा व बर्फबारी के चलते शुक्रवार को 340 श्रद्धालु ही हेमकुंड भेजे गए। बाकी को घांघरिया बेस कैंप में ही रोक दिया गया।

वहीं, राज्य में आंधी, वर्षा, बर्फबारी, ओलावृष्टि व भूस्खलन से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। ओलावृष्टि से कई लोग चोटिल हो गए और कई वाहन भी क्षतिग्रस्त हुए हैं। बर्फबारी व भूस्खलन के चलते हेमकुंड साहिब, बदरीनाथ व आदि कैलाश यात्रा बाधित रही। हेमकुंड में बर्फ की एक फीट मोटी चादर बिछ गई है।

वहां से हरिद्वार के पास स्थापित 500 किलोवाट क्षमता के सौर ऊर्जा संयंत्र को भी भारी नुकसान पहुंचा है। चमोली में बदरीनाथ हाईवे भी पागलनाला में भारी मलबा आने से छह घंटे बाधित रहा। पौड़ी के कोटद्वार में सड़कों पर आए सैलाब में कई दोपहिया वाहन बह गए। पिथौरागढ़ में कैलाश-मानसरोवर यात्रा मार्ग लगभग आठ घंटे बंद रहा। देहरादून व ऊधम सिंह नगर के पंतनगर से हवाई सेवाएं भी प्रभावित हुईं। मौसम विभाग का अगले दो दिन पहाड़ों में वर्षा जारी रहने का पूर्वानुमान है।

तीन साल में पिता-पुत्र ने 82 बार तोड़े यातायात नियम, 4.98 लाख का चालान बकाया

जासं, पश्चिमी दिल्ली : बार-बार यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ पश्चिम जिला ट्रैफिक पुलिस ने कार्रवाई तेज कर दी है। ऐसे ही एक मामले में तीन साल में सिर्फ एक वैन से 82 बार यातायात नियम तोड़ने के मामले में ट्रैफिक पुलिस ने गाड़ी के मालिक और उसके बेटे के ड्राइविंग लाइसेंस (डीएल) निलंबित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। ये मध्य प्रदेश के टीकमगढ़ जिले के पलेरा क्षेत्र स्थित गांव नयागरी के रहने वाले हैं। पश्चिम जिला ट्रैफिक पुलिस ने पिता-पुत्र का डीएल निलंबित करने के लिए मध्य प्रदेश के टीकमगढ़ के जिला परिवहन अधिकारी (डीटीओ) को पत्र भेजा है। दोनों पर करीब 4.98 लाख रुपये का चालान बकाया है। पश्चिम जिला ट्रैफिक पुलिस के अनुसार, संबंधित वाहन के खिलाफ पहला यातायात उल्लंघन 28 नवंबर 2023 को दर्ज किया गया था, जबकि 82वां उल्लंघन इस वर्ष 19 अगस्त को दर्ज हुआ।

एअर इंडिया ने घरेलू उड़ानों पर छात्रों को दी 10 प्रतिशत छूट

जागरण संवाददाता, नई दिल्ली : एअर इंडिया ने कालेजों, इंटर्नशिप और सेमेस्टर ब्रेक के लिए यात्रा करने वाले विद्यार्थियों के लिए एक विशेष स्टूडेंट प्रीमियम की योजना की है। इसके तहत 20 अक्टूबर तक वन-वे और राउंड-ट्रिप घरेलू उड़ानों के बेस फेयर पर 10 प्रतिशत की छूट दी जा रही है। इस छूट के अलावा, यह प्रीमियम छात्रों को कई अतिरिक्त सुविधाएं भी प्रदान करता है। पात्र विद्यार्थियों को सामान्य 10 किलो अतिरिक्त कैबिन अलाउंस मिलेगा और प्लान बदलने पर बिना किसी शुल्क के एक बार यात्रा की तारीख में बदलाव करने की सुविधा दी जाएगी। एयरलाइन की वेबसाइट या एप से बुकिंग करने पर कन्वीनियंस फीस में 50 प्रतिशत की कटौती होगी, जबकि यूपीआइ से भुगतान करने पर प्रोमो कोड के जरिये प्रति यात्री एक हजार रुपये तक की अतिरिक्त छूट भी दी जा सकती है। इस योजना का लाभ उठाने के लिए यात्रा की तारीख को छात्र की उम्र कम से कम 12 वर्ष होनी चाहिए और उसका किसी मान्यता प्राप्त स्कूल, कालेज या विश्वविद्यालय में न्यूनतम एक वर्ष के फुल टाइम कोर्स में नामांकित होना अनिवार्य है। एयरपोर्ट पर चेक-इन के समय वैध स्टूडेंट आइडी कार्ड, एडमिशन लेटर या स्टूडेंट वीजा दिखाना जरूरी होगा।

पंजाब नैशनल बैंक ...भरोसे का प्रतीक!
punjab national bank ...the name you can BANK upon!

नीलामी सूचना
E-Auction के आधार पर

सीओ एसएएम, मेरठ, सी 05 वेद व्यास पुरी, मेरठ– 250002, उ0प्र0, ई–मेलः **comrtsam@pnb.bank.in**

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 8 व 9 के अधिनियम, 2002 के तहत ई–नीलामी विक्रय हेतु सार्वजनिक सूचना

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 (6) एवं 6 (2) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन चल/अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई–नीलामी विक्रय नोटिस।

आम लोगों का तथा विशेष रूप से ऋणी (ओं)/गारन्टर (ओ) उधार लेने वाले और प्रत्याभूति-दाता को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित चल/अचल संपत्ति जो प्रतिभूति लेनदार के पास गिरवी/प्रभारित है का सांकेतिक/ भौतिक (विवरण नीचे उल्लिखित) कब्जा प्रतिभूति लेनदार के प्राधिंत अधिकारी, पंजाब नेशनल बैंक द्वारा लिया गया है, को "जहाँ है, जैसा है और जो कुछ भी है'' के आधार पर पंजाब नेशनल बैंक नीचे उल्लिखित ऋणी)/ गारन्टर्राओं की बकाया राशि की वसूली हेतु बेची जायेगी। प्रत्येक संपत्ति का रिजर्व मूल्य एवं अर्नेस्ट मनी विवरण नीचे उल्लिखित है, तथा संपित्तयों का ज्ञात प्रभार का संक्षिप्त विवरण, यदि कोई हो, के रूप में नीचे उल्लेख किया गया है। बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए, कृपया सुरक्षित क्रेडिटर्स वेबसाइट में दिए गए लिंक को देखें **https://baanknet.com/** (वेबसाइट का विवरण दें)

क्र0 सं0	शाखा/खाता/ऋणी/गारन्टर का नाम व पता	चल/अचल सम्पत्ति का विवरण दृष्टिबंधक/प्रभार/बंधक/मालिक का नाम (संपत्ति के बंधककर्ता)	(ए) सरफेसी एक्ट के मांग नोटिस 13(2) की तिथि (बी) सरफेसी अधिनियम 2002 की धार 13 (2) के तहत मांग सूचना (सी) दिनांक 30.09.2026 तक शेष राशि (डी) सरफेसी एक्ट के मांग नोटिस 13(4) की तिथि (ई) कब्जे के प्रकार प्रतीकात्मक/भौतिक/सांकेतिक	(ए) रिर्जव मूल्य (लाख में) (बी) ईएमडी (सी) बोली वृद्धि राशि	ई–नीलामी की तिथि/दिनांक / सम्पत्ति निरीक्षण की तिथि	बैंक को ज्ञात लेनदारों के प्रभार का विवरण
1	शाखाः बागपत रोड, मेरठ (253300) वंदना भोला पुत्री श्री चंद्र प्रकाश भोला (**ऋणी एवं बंधककर्ता**), पता 1. मकान नं. 5/23, गली नं. 5, कैलाश पुरी, दुर्गा नगर, मेरठ-250002। पता 2. फ्लैट नं. 69-बी, प्लॉट नं. 69 के प्रथम तल पर, खसरा नं. 315 एवं 320 का भाग, ग्राम अब्दुल्लापुर, गंगा सिटी कॉलोनी, मवाना रोड, मेरठ-250002।	बंधक आवासीय फ्लैट के सभी भाग व भूखंउद्य प्रथम तल पर प्लॉट नं. 69 पर निर्मित, जिसका मकान नं. 69-बी है, गंगा सिटी कॉलोनी, ग्राम अब्दुल्लापुर, मवाना रोड, मेरठ-250002 में स्थित है, जिसका क्षेत्रफल 50.63 वर्ग मीटर है। सीमाएं निम्नानुसार हैंः पूर्वः गंगा सागर की दीवार एवं संपत्ति, पश्चिमः 9 मीटर चौड़ा रास्ता, उत्तरः फ्लैट नं. 68, दक्षिणः फ्लैट नं. 70। (बिक्री विलेख दिनांक 23.04.2019 को उप-पंजीयक मेरठ प्रथम के कार्यालय में बही नं. 1, जिल्द नं. 12747, क्रमांक 3198, पृष्ठ संख्या 171 से 202 पर पंजीकृत है।)	(क) 22.03.2024 (ख) रू0 **20,36,360.00** + ब्याज दिनांक 01.01.2024 + कानूनी एवं अन्य खर्चे (ग) रू0 26,12,983/- + ब्याज दिनांक 30.09.2026 से + कानूनी एवं अन्य खर्चे एनपीए के बाद (घ) 04.06.2024 (ड.) सांकेतिक कब्जा	रू0 21.42 लाख रू0 2.142 लाख रू0 0.25 लाख	**27.10.2026** सुबह 11.00 बजे से दोपहर 04.00 बजे तक **26.10.2026**	ज्ञात नहीं
2	शाखाः सरधना (085800) श्री धनेश पुत्र श्री जगदीश प्रसाद (**उधारकर्ता एवं बंधककर्ता**), पताः ग्राम लोईया परगना दौराला, तहसील सरधना, मेरठ- 250342। श्रीमती सुरेश पत्नी श्री ऋषिपाल सिंह (**गारन्टर**), पताः जय भीम नगर, अम्बेडकर भवन, मेरठ- 250004। श्री सतीश कुमार पुत्र श्री बिजेन्द्र सिंह (**गारन्टर**), पताः ग्राम लोईया, परगना दौराला, तहसील सरधना, मेरठ- 250342।	बंधक आवासीय संपत्ति के सभी भाग व भूखंड, जो ग्राम लोईया, अम्बेडकर भवन के निकट, परगना दौराला में स्थित है, जिसका क्षेत्रफल 83.61 वर्ग मीटर (अर्थात् 100 वर्ग गज) है तथा जो श्री धनेश पुत्र जगदीश प्रसाद के नाम दर्ज है। उक्त संपत्ति की सीमाएँ निम्नानुसार हैं- पूर्वः 31 फीट 3 इंच, तत्पश्चात विक्रेता का मकान, पश्चिमः 31 फीट 3 इंच, तत्पश्चात 10.00 फीट चौड़ा रास्ता, उत्तरः 28 फीट 7 इंच, तत्पश्चात विक्रेता का मकान, दक्षिणः 29 फीट, तत्पश्चात श्री महावीर का मकान। (नोटः उपरोक्त संपत्ति का विवरण दिनांक 19.07.2016 की विक्रय विलेख के अनुसार है, जो उप-निबंधक, सरधना के कार्यालय में क्रम संख्या 9405, बही संख्या 1, जिल्द संख्या 7134, पृष्ठ 1 से 20 पर पंजीकृत है।)	(क) 10.07.2025 (ख) रू0 **11,88,289.19** प्रभावी ब्याज दिनांक 01.07.2025 + कानूनी एवं अन्य खर्चे (ग) रू0 13,02,525.18 + ब्याज दिनांक 30.09.2026 से + कानूनी एवं अन्य खर्चे एनपीए के बाद (घ) 05.02.2026 (ड.) सांकेतिक कब्जा	रू0 12.42 लाख रू0 1.242 लाख रू0 0.10 लाख	**27.10.2026** सुबह 11.00 बजे से दोपहर 04.00 बजे तक **26.10.2026**	ज्ञात नहीं
3	शाखाः माछरा (251900) **1.** श्री मौहम्मद दानिश पुत्र श्री मौहम्मद इकराम (**ऋणी + बंधककर्ता**), पताः मौहल्ला कुरैशीयान, शॉहजहानपुर, मेरठ उ.प्र.- 250104, **2.** श्री नाजिश पुत्र मौहम्मद इकराम (**गारन्टर और बंधककर्ता**), पताः मौहल्ला कुरैशीयान, शॉहजहानपुर, मेरठ उ.प्र.- 250104	बंधक सम्पत्ति (आवासीय भवन) स्थित मकान म्यूनिसिपल नं. 130/08, वार्ड नं. 08, (जिसका मकान कर की रसीद संख्या 63 दिनांक 10.08.2023),मौहल्ला अंसारियान, कस्बा शॉहजानपुर, परगना किठौर, तहसील मवाना, जिला- मेरठ जिसका माप 53.58 वर्गमीटर, सम्पत्ति स्वामी श्री मौहम्मद दानिश और श्री मौहम्मद नाजिश दोनों पुत्र मौहम्मद इकराम। सीमाएँ निम्न प्रकार हैः-पूर्व-श्री सुल्तान का मकान, पश्चिम-श्री बाबू का मकान, उत्तर- श्री लियाकत और रियासत का मकान, दक्षिण- 8 फीट चौड़ा रास्ता। (नोट- उपरोक्त सम्पत्ति का संशोधन विक्रय विलेख रजिस्ट्रर्ड सब रजिस्ट्रार कार्यालय मवाना जिसका क्रंमाक नं. 9341, बही नं. 1, जिल्द नं. 9796, पेज 335 से 352 दिनांक 27.06.2023 पर पंजीकृत है)।	(क) 04.10.2025 (ख) रू0 **5,68,611.76** + ब्याज दिनांक 17.09.2025 + कानूनी एवं अन्य खर्चे यदि कोई हो (ग) रू0 5,29,425.76 + ब्याज दिनांक 17.09.2026 से + कानूनी एवं अन्य खर्चे एनपीए के बाद (घ) 18.12.2025 (ड.) सांकेतिक कब्जा	रू0 12.56 लाख रू0 1.256 लाख रू0 0.10 लाख	**27.10.2026** सुबह 11.00 बजे से दोपहर 04.00 बजे तक **26.10.2026**	ज्ञात नहीं
4	शाखाः आबूलेन श्री कृष्णपाल पुत्र श्री फतेह सिंह, पता 1. ग्राम इदरीशपुर पिपला, भोला रोड, तहसील- मेरठ। पता 2. बी-21, गंगा कॉलोनी, मलियाना, बागपत रोड, मेरठ।	बंधक आवासीय मकान के सभी भाग व भूखंड, बिना नंबर, दो मंजिला, जो प्लॉट संख्या बी-21, खसरा संख्या 930, गंगा कॉलोनी, ग्राम मलियाना, परगना, तहसील एवं जिला मेरठ में स्थित है, जिसका क्षेत्रफल 66.89 वर्ग मीटर है, श्री कृष्णपाल पुत्र श्री फतेह सिंह के नाम पर है।	(क) 05.06.2023 (ख) रू0 15,20,241.50 (ग) रू0 19,72,998.32 + ब्याज दिनांक 30.09.2026 से + कानूनी एवं अन्य खर्चे एनपीए के बाद (घ) 04.11.2023 (ड.) सांकेतिक कब्जा	रू0 18.01 लाख रू0 1.801 लाख रू0 0.10 लाख	**27.10.2026** सुबह 11.00 बजे से दोपहर 04.00 बजे तक **26.10.2026**	ज्ञात नहीं
5	शाखाः किठौर, मेरठ (405400) श्री चंचल कुमार पुत्र श्री अरविन्द कुमार (**ऋणी/बंधककर्ता**), पता महलवाला रोड, शाहजंहापुर, मेरठ उ.प्र.- 250104, प्रशांत कुमार पुत्र श्री अरविन्द कुमार (**गारन्टर**), पता महलवाला रोड, शाहजंहापुर, मेरठ उ.प्र.- 250104	बंधक आवासीय मकान स्थित मौहल्ला हरीजनोंवाला, कस्बा शाहजंहापुर, परगना किठौर, तहसील मवाना जिला मेरठ पिन कोड- 250104, क्षेत्रफल माप 41.66 वर्गमीटर सम्पत्ति स्वामी श्री चंचल कुमार पुत्र श्री अरविन्द कुमार।	(क) 28.07.2025 (ख) रू0 **2,67,769.49** (ग) रू0 3,05,165.49 + ब्याज दिनांक 30.09.2026 से + कानूनी एवं अन्य खर्चे एनपीए के बाद (घ) 14.10.2025 (ड.) सांकेतिक कब्जा	रू0 4.86 लाख रू0 0.486 लाख रू0 0.10 लाख	**27.10.2026** सुबह 11.00 बजे से दोपहर 04.00 बजे तक **26.10.2026**	ज्ञात नहीं
6	शाखाः सरधना (085800) श्री अमित कुमार पुत्र श्री नंद किशोर (**ऋणी एवं बंधककर्ता**), पता 1: नई बस्ती, आर्य कॉलोनी, परगना दौराला, तहसील- सरधना, जिला- मेरठ, उ0प्र0-250221, पता 2: मकान नं0 706, ग्राम- दौराला, मिल बाजार, परगना दौराला, तहसील- सरधना जिला- मेरठ, उ0प्र0- 250221, पता 3: मकान नं0 627, ग्राम- दौराला, मिल बाजार, परगना दौराला, तहसील- सरधना, जिला- मेरठ, उ0प्र0- 250221, श्रीमती कमलेश पत्नी श्री नंद किशोर (**सह-ऋणी एवं बंधककर्ता**), पताः नई बस्ती आर्य कॉलोनी, परगना दौराला, तहसील- सरधना, जिला- मेरठ, उ0प्र0- 250221, श्री ओम पाल पुत्र श्री नारायण (**गारन्टर**), पताः वार्ड-1, रैदासपुरी, दौराला, मेरठ- 250221।	बंधक आवासीय मकान प्लॉट नं0 64ए, खसरा नं0 88, माप क्षेत्रफल 83.61 वर्ग मीटर अर्थात् 100.00 वर्ग गज, ग्राम- दौराला, मिल बाजार, परगना दौराला, तहसील- सरधना, जिला- मेरठ, उ0प्र0-250221, सम्पत्ति स्वामी श्रीमती कमलेश पत्नी श्री नंद किशोर। सीमाएँः- पूर्वः अन्य की सम्पत्ति, पश्चिमः प्लॉट नं0 64बी, उत्तरः रास्ता, दक्षिणः प्लॉट नं0 65 (उपरोक्त सम्पत्ति का बही नं0 1, वॉल्यम नं0 2970, पेज नं0 351/362, क्र0सं0 11248, सब-रजिस्ट्रार ऑफिस सरधना, मेरठ पर पंजीकृत है।)	(क) 03.11.2023 (ख) रू0 **8,81,130.10** (ग) रू0 12,03,657.10 + ब्याज दिनांक 30.09.2026 से + कानूनी एवं अन्य खर्चे एनपीए के बाद (घ) 14.05.2024 (ड.) सांकेतिक कब्जा	रू0 16.02 लाख रू0 1.602 लाख रू0 0.10 लाख	**27.10.2026** सुबह 11.00 बजे से दोपहर 04.00 बजे तक **26.10.2026**	ज्ञात नहीं
7	शाखाः सिविल लाईन, मेरठ नसीम कुरैशी पुत्र रफीक कुरैशी (**ऋणी/बंधककर्ता**), पताः 18/1, बागशाह रडका रोड, मेरठ। श्रीमती शहीन नसीम, पताः 18/1, बागशाह रडका रोड, मेरठ।	बंधक व्यवसायिक दुकान दूसरी मंजिल पर स्थित क्षेत्रफल माप 11.90 वर्गमीटर जिसमें सम्पत्ति नं 3, स्थित एकता कॉम्पलैक्स, निकट पुलिस स्टेशन दिल्ली गेट घंटाघर रोड से पुलिस चौकी केसर गंज पूर्वा फैयाज अली, मेरठ।	(क) 21.09.2021 (ख) रू0 6,01,459.58 + ब्याज दिनांक 01.09.2021 से + अन्य खर्चे (ग) रू0 10,28,087.5 + प्रभावी ब्याज दिनांक 30.09.2026 से + अन्य खर्चे एनपीए के बाद (घ) 01.07.2023 (ड.) सांकेतिक	रू0 10.24 लाख रू0 1.024 लाख रू0 0.10 लाख	**27.10.2026** सुबह 11.00 बजे से दोपहर 04.00 बजे तक **26.10.2026**	**ज्ञात नहीं**
8	शाखाः सरधना (085800) श्री राजू कुमार पुत्र श्री रामफल सिंह (**ऋणी**), पताः समौली रोड, वार्ड नं0 8, दौराला शुगर मिल दौराला, मेरठ- 250221, श्रीमती संगीता रानी पत्नी श्री राजू कुमार (**सह-ऋणी एवं बंधककर्ता**), पताः समौली रोड, वार्ड नं0 8, दौराला शुगर मिल दौराला, मेरठ- 250221, श्रीमती कुशुम देवी पत्नी अमनकर (**गारन्टर**), पताः हनुमान विहार, दौराला, मेरठ- 250221	बंधक एक आवासीय प्लॉट स्थित कस्बा एवं परगना दौराला, तहसील- सरधना, जिला- मेरठ, माप क्षेत्रफल 43.90 वर्ग मीटर, सम्पत्ति स्वामी श्रीमती संगीता रानी पत्नी श्री राजू कुमार, सीमाएँः- पूर्वः 3.5 गज तत्पश्चात् अन्य का प्लॉट, पश्चिमः 3.5 गज तत्पश्चात् 10 फीट चौड़ा रास्ता, उत्तरः 15 गज तत्पश्चात् नरेन्द्र एवं सुरेन्द्र का प्लॉट, दक्षिणः 15 गज तत्पश्चात् रोहताश का प्लॉट। (नोट- उपरोक्त सम्पत्ति विक्रय विलेख सब-रजिस्ट्रार ऑफिस सरधना, क्र0सं0 13760, बही नं0 1, जिल्द नं0 5318, पेज नं0 369 से 382, दिनांक 05.09.2013 पर पंजीकृत है।)	(क) 27.08.2025 (ख) रू0 **8,70,348.10** + ब्याज दिनांक 01.08.2025 + कानूनी एवं अन्य खर्चे यदि कोई हो (ग) रू0 9,92,016.10 + ब्याज दिनांक 30.09.2026 से + कानूनी एवं अन्य खर्चे एनपीए के बाद (घ) 16.01.2026 (ड.) सांकेतिक कब्जा	रू0 10.98 लाख रू0 1.098 लाख रू0 0.10 लाख	**27.10.2026** सुबह 11.00 बजे से दोपहर 04.00 बजे तक **26.10.2026**	ज्ञात नहीं

सम्पत्ति बिक्रि, प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के अर्न्तगत लागू नियमों के अधीन व निम्नलिखित नियमों व शर्तों के अनुसार होगी।

1. नीलामी बिक्री ''ई–नीलामी के माध्यम से ऑनलाइन'' पोर्टल **https://baanknet.com/** पर होगी। **2.** इच्छुक बोलीदाताओं/क्रेताओं से अनुरोध है कि वे अपने मोबाइल नंबर और ईमेल–आईडी का उपयोग करके पोर्टल **(https://baanknet.com/)** पर पंजीकरण करें। इसके अलावा, उनसे अपेक्षित केवाईसी दस्तावेज अपलोड करने का अनुरोध किया जाता है। एक बार केवाईसी दस्तावेजों को ई–नीलामी सेवा प्रदाता द्वारा सत्यापित किया जाता है (जिसमे 2 कार्य दिवस लग सकते हैं), इच्छुक बोलीदाता / क्रेता को ई–नीलामी से पहले तक अपने ग्लोबल ईएमडी वॉलेट में ऑनलाइन मोड का उपयोग करके ईएमडी राशि को स्थानांतरित करना होगा। पोर्टल में समय नीलामी से पहले, केवाईसी दस्तावेजों का पंजीकरण और वॉलेट में ईएमडी के हस्तांतरण को पहले से अच्छी तरह से पूरा किया जाना चाहिए। **3.** उपर्युक्त धनराशि जमा (ईएमडी) राशि का भुगतान ऑनलाइन भुगतान 3 मोड अर्थात एनईएफटी/कैश /ट्रांसफर (से चालान जनरेट करने के पश्चात) **(https://baanknet.com/)** के माध्यम से किया जाएगा। किसी भी अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक से किया जाता है, हालांकि कैश / ट्रांसफर के लिए बोली लगाने वाले को पंजाब नेशनल बैंक शाखा का दौरा करना पड़ता है। चेक जैसे किसी अन्य मोड द्वारा ईएमडी का भुगतान स्वीकार नहीं किया जाएगा। बोलीदाताओं, जिन्होनें ईएमडी की राशि जमा नहीं कराई होगी को उन्हे ऑनलाइन ई–नीलामी में भाग लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी। ई–नीलामी में भाग लेने के लिए जमा की गई ईएमडी की राशि पर कोई देय ब्याज नहीं दिया जाएगा। **4.** ई–नीलामी के लिए प्लेटफॉर्म **https://baanknet.com/)** ई–नीलामी सेवा प्रदाता **M/S PSB Alliance Private Limited द्वारा प्रदान किया जाएगा, जिसका पंजीकृत कार्यालय यूनिट–1, तृतीय तल, वीआईओएस कमर्शियल टॉवर, वडाला टर्मिनल के पास, वडाला ईस्ट मुंबई–400037 (संपर्क टोलफ्री नंबर +91 8291220220, ई–मेलः– psba@psballiance.com)** इच्छुक बोलीदाताओं / क्रेताओं को ई–नीलामी की प्रक्रिया में ई–नीलामी के सेवा प्रदाता की वेबसाइट **https://baanknet.com/** के माध्यम से ई–नीलामी में भाग लेना होगा । **5.** यहाँ अनुसूची में निर्दिष्ट सुरक्षित परिसंपत्तियों के विवरण को प्राधिकृत अधिकारी की सर्वोत्तम जानकारी के लिए कहा गया है, लेकिन प्राधिकृत अधिकारी इस घोषणा में किसी त्रुटि, गलत बयान या चूक के लिए जवाबदेह नहीं होगा। **6.** नीलामी के आगे के नियमों और विनियमों के लिए या तो इन वेबसाइटों पर जाएं या **नोडल अधिकारी श्री धवल रंजन (मो0 8800424999)** से पंजाब नैशनल बैंक, सर्किल ऑफिस एसएएम विभाग पीएनबी भवन सी 05 वेद्व व्यास पुरी, दिल्ली बाईपास रोड, मेरठ– 250002, मे संपर्क करें। बैंक बिना किसी कारण के नीलामी प्रक्रिया को रद्द / निलंबित करने का अधिकार रखता है। किसी भी प्रकार का टैक्स जैसे की टीडीएस/जीएसटी इत्यादि अथवा अतः कोई सफल बोलीदाता द्वारा स्वंय वहन किया जायेगा। किसी भी बोली वृद्धि को भूमि और भवन और सभी दृष्टिबंधक उपकरणों, संयंत्र और मशीनरी और सहायक उपकरण आदि, जहां भी लागू हो, पर आनुपातिक रूप से बढ़ा हुआ माना जाएगा। **7.** सफल बोलकर्ता को दिये गये खाते में या डिमांड ड्राफ्ट द्वारा तत्काल नीलामी राशि की 25 प्रतिशत राशि जमा करानी होगी या अगले दिन सुबह जमा करानी होगी (जिसमें पूर्व में जमा किया गया ईएमडी को समायोजित कर दिया जायेगा) यदि नीलामीकर्ता 25 प्रतिशत की शेष राशि जमा नहीं करता है तो ईएमडी राशि जप्त कर ली जायेगी। बयाना राशि को नीलामी की राशि में बाद में समायोजित कर दिया जायेगा। **8.** सफल बोलीदाता को बिक्री की पुष्टि की तारीख से 15 दिनों के भीतर बोली राशि का शेष 75% जमा करना होगा। निर्धारित अवधि के भीतर बोली राशि के शेष 75% के भुगतान में चूक की स्थिति में, जमा की गई राशि जब्त कर ली जाएगी और चूककर्ता क्रेता संपत्ति या राशि के किसी भी हिस्से के सभी दावों को जब्त कर लेगा, जिसके लिए वह बाद में हो सकता है। यदि नीलामी की तिथि को अवकाश घोषित हो तो नीलामी अगले दिन आयोजित की जायेगी।। **9.** ऋणधारकों/गारंटर को सूचित किया जाता है कि डिमांड नोटिस के अनुसार समस्त धनराशि (ब्याज एवं अन्य व्यय सहित) नीलामी तिथि से पूर्व जमा करा दें। यदि ऐसा नहीं किया जाता है, तो संपत्ति नीलाम कर दी जाएगी और शेष राशि, यदि कोई हो, ब्याज और खर्च के साथ उधारकर्ता से वसूली की जाएगी। नोट– अधिक जानकारी के लिए संपर्क मोबाइल नं0: **8800424999**

दिनांकः 09.10.2026 स्थान – मेरठ प्राधिकृत अधिकारी/प्रतिभूति लेनदार